शुक्रवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

01 दिसंबर 2023

आपकी आवाज



बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से फर्टिलिटी पर पड़ सकता है असर: डॉ. चंचल शर्मा

2



## खबरें फटाफट

### दो लाख के इनामी अपराधी पप्पू मंडल ने कोर्ट में किया सरेंडर

**जमुई।** 2 लाख का इनामी और टॉप 10 अपराधियों की लिस्ट में शामिल पप्पू मंडल ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। हत्या, दंगा, लूट सहित दर्जनों मामले में वह 6 साल से फरार चल रहा था। बड़े ही नाटकीय ढंग से गंजे सिर पर नकली बाल लगा पुलिस को चकमा देकर वह कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा। 6 वर्षो से फरार मोस्ट वांटेड अपराधी पप्पू मंडल का बीजेपी और जेडीयू नेता के साथ फोटो अब वायरल हो रहा है। पप्पू मंडल के जमुई कोर्ट में पहुंचते ही वहां अफरा-तफरी मच गयी। नकली बाल लगाकर पप्पू मंडल उर्फ सुरेंद्र मंडल ने पुलिस को चकमा दिया और खुद कोर्ट में सरेंडर करने के लिए पहुंच गया। जमुई कोर्ट के अधिवक्ता प्रशांत प्रभात के द्वारा सरेंडर कराया।

# एक्जिट पोल... एमपी-राजस्थान में भाजपा, छत्तीसगढ़-तेलंगाना में कांग्रेस को बहुमत

- तेलंगाना में मतदान खत्म होने के बाद पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के जारी हुए एक्जिट पोल
- मिजोरम के एग्जिट पोल के मुताबिक एमएनएफ और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला
- तीन दिसंबर को आएंगे परिणाम

**एजेंसी/नई दिल्ली**

साल 2024 से पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन पांचों राज्यों में से चार- एमपी, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम में वोटिंग हो चुकी है जबकि तेलंगाना में गुरुवार को मतदान संपन्न हुआ। तेलंगाना में वोटिंग खत्म होने के बाद शाम साढ़े पांच बजे सभी 5 राज्यों के एग्जिट पोल्स जारी किए गए। इन सभी राज्यों के चुनाव परिणाम 3 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। एग्जिट पोल महज एक अनुमान है, सही आंकड़े 3 दिसंबर को आएंगे।




**राजस्थान:** जन की बात के एग्जिट पोल के अनुसार राजस्थान में कांग्रेस को केवल 62-85 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा को 100-122 सीटें मिल सकती हैं। अन्य दलों के खाते में 14-15 सीटें जाने का अनुमान है। आज तक एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में राजस्थान में कांग्रेस को 86-106 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा 80-100 सीटें जीत सकती है। अन्य के खाते में 9-18 सीटें जा सकती हैं। टीवी-9 पोल स्ट्रैट के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 90-100 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा के खाते में 100-110 सीटें जा सकती हैं। अन्य और निर्दलीय उम्मीदवारों को 5-15 सीटें मिलने का अनुमान है। रिपब्लिक पी मार्क के एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार को तगड़ा झटका लगने के आसार हैं। इसके मुताबिक कांग्रेस को केवल 69-91 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 105-125 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य की झोली में 5-15 सीटें जाएंगी। वहीं इंडिया टीवी सीएनएक्स के एग्जिट पोल के मुताबिक इंडिया टीवी सीएनएक्स के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 94-104 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा केवल 80 से 90 सीटों पर सिमटती दिख रही है। अन्य के खाते में 14-18 सीटें जा सकती हैं।

**छत्तीसगढ़:** जन की बात के एग्जिट पोल में भी छत्तीसगढ़ में कांटे की टक्कर होगी। कांग्रेस को 34-45 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा को 42-53 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य को तीन सीटें मिले सकती हैं। टीवी 5 न्यूज के अनुमान के मुताबिक कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। पार्टी 56-64 सीटें जीतने में सफल होगी। भाजपा को 29 से 39 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य और निर्दलीय के खाते में 0-2 सीटें जा सकती हैं। एबीपी और सी वोटर के सर्वे में कांग्रेस को 41 से 53 सीटें मिलेंगी। भाजपा को 36 से 48 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 0-4 सीटें जा सकती हैं। न्यूज-24 और टुडेज चाणक्या के एग्जिट पोल अनुमान में कांग्रेस को 57 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 33 सीटें मिलेंगी। अन्य के खाते में एक भी सीट नहीं जाएगी। रिपब्लिक और मैट्रिज के मुताबिक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर हो सकती है। कांग्रेस को 44 से 52 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 34 से 42 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य को 0-2 सीटें मिलने का अनुमान है। टीवी-9 पोल स्ट्रैट के अनुमान के अनुसार कांग्रेस को 40-50 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। अन्य को 0-3 सीटें मिल सकती हैं।

**मिजोरम:** मिजोरम के एग्जिट पोल अनुमान के मुताबिक एमएनएफ को 10-14 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 5-9 सीटें मिलने के आसार हैं। भाजपा जनाधार तलाशती दिख रही है। बीजेपी को 0-2 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 15-25 सीटें जा सकती हैं। इंडिया टीवी सीएनएक्स के एग्जिट पोल के मुताबिक एमएनएफ 14-18 सीटें जीतेगी। कांग्रेस को 8-10 सीटें मिलेंगी। भाजपा को 0-2 सीट मिल सकती है। अन्य और निर्दलीय के खाते में 12-16 सीटें जानें का अनुमान है।

**मध्य प्रदेश:** मध्य प्रदेश में दैनिक भास्कर के एग्जिट पोल के अनुसार, बीजेपी 95 से 115, कांग्रेस 105 से 120 सीटें जीत सकती है। जन की बात के अनुसार, एमपी में कांग्रेस 100 से 123, कांग्रेस 102 से 125 जीतें जीत सकती है। न्यूज 24 चाणक्य के अनुसार, एमपी में बीजेपी 151 सीटों पर जीत सकती है जबकि 74 सीटों कांग्रेस जीत दर्ज कर सकती है। रिपब्लकि टीवी- मैट्रिज के अनुसार, एमपी में बीजेपी 118 से 130, कांग्रेस 97-107 सीटें जीत सकती है।

**तेलंगाना:** जन की बात के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 48-64 सीटें मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री केसीआर को 40-45 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा 7-13 सीटें जीत सकती है। इंडिया टीवी सीएनएक्स के मुताबिक सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति को 31-47 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 63-79 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को दो-चार सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य को 5-7 सीटें जा सकती हैं।

### तेलंगाना में शाम 5 बजे तक 63.94 प्रतिशत मतदान

तेलंगाना विधानसभा चुनाव में शाम 5 बजे तक 63.94 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। राज्य के नक्सल बहुल 13 केंद्रों पर मतदान शाम चार बजे खत्म हो गया था, लेकिन राज्य के दूसरे हिस्सों के मतदान केंद्रों पर भारी संख्या में मतदाता कतारों में हैं। ऐसे में अभी मतदान के कुल प्रतिशत में बढ़ोतरी की उम्मीद है। राज्य में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण है। सत्तारूढ़ बीआरएस समेत बीजेपी, कांग्रेस,सीपीआई, एआईएमआईएम के कुल 2,290 उम्मीदवार मैदान में हैं। साल 2018 में बीआरएस को सबसे ज्यादा 88 सीटें मिली थीं। इस बार प्रमुख उम्मीदवारों में सीएम के.चंद्रशेखर राव, उनके मंत्री-बेटे केटी रामाराव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी और बीजेपी के लोकसभा सदस्य बी. संजय कुमार और डी अरविंद हैं। इस मुकाबले में तेलंगाना बनने के बाद से राज्य के दो बार के सीएम के चंद्रशेखर राव को अपना किला बचाने की चुनौती है।

### पीएम मोदी ने केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से की बात

# पहले की सरकारें खुद को जनता की माई-बाप समझती थीं: मोदी

- पीएम मोदी ने वर्चुअल कार्यक्रम में महिला किसान ड्रोन केंद्र और देवघर एम्स में 10000वें औषिधि केंद्र का किया उद्घाटन
- पीएम मोदी बोले- हम सत्ता भाव से नहीं सेवा भाव से करते हैं काम

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को महिला किसानों को बड़ी सौगात दी। पीएम मोदी ने एक वर्चुअल कार्यक्रम में महिला किसान ड्रोन केंद्र का उद्घाटन किया। साथ ही पीएम मोदी ने देवघर एम्स में 10000वें औषिधि केंद्र का उद्घाटन किया। केंद्र सरकार महिला सहायता समूहों को 15 हजार ड्रोन देगी। इसके अलावा पीएम मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से भी बातचीत की। पीएम मोदी ने जन औषधि केंद्रों को 25,000 करने की योजना की शुरूआत की। पीएम मोदी ने कहा, पहले की सरकारें भेदभाव से काम करती थी। हम सत्ता भाव से नहीं सेवा भाव से काम करते हैं। सभी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना हमारा काम है। पहले की सरकारें खुद को जनता की माई-बाप समझती थीं। इस कारण आजादी के अनेक दशकों बाद तक देश की बहुत बड़ी आबादी मूल सुविधाओं से वंचित रही। उन्होंने कहा कि निराशा की स्थिति को हमारी सरकार ने बदला है। आज देश में जो सरकार है, वह जनता-जनार्दन को ईश्वर का रूप मानने वाली सरकार है। हम सत्ता भाव से नहीं, सेवा भाव से काम करने वाले हैं।



वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलग-अलग राज्यों के लोगों से बातचीत की और उनसे योजनाओं से जुड़े लाभ के बारे में जाना। पीएम मोदी ने कहा कि सस्ते दाम पर अच्छी दवाइयां उपलब्ध कराना संकल्प है। विकसित भारत संकल्प यात्रा पीएम मोदी की गारंटी है। इसके अलावा पीएम मोदी ने कहा कि संकल्प यात्रा में महिलाओं की भागीदारी अहम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षण देने की शुरूआत की गई तो इस योजना को लेकर बहुत से लोगों ने संदेह जताए थे। रमन अम्मा जी जैसी महिलाओं ने साबित कर दिया कि ड्रोन कृषि में तकनीक के दायरे से आगे बढ़कर महिला सशक्तिकरण का भी एक प्रतीक बनकर उभरेगा। आप सभी पूरे देश के लिए एक प्रेरणा हैं। विकसित भारत की इस संकल्प यात्रा में आप जैसी महिलाओं की भागीदारी बहुत ही अहम है।

पीएम मोदी ने कहा, मैंने लाल किले से देश की ग्रामीण बहनों को ड्रोन दीदी बनाने की घोषणा की थी और मैंने देखा कि इतने कम समय में गांव की हजारों बहनों ने ड्रोन चलाना सीख लिया है। मेरे लिए तो ये ड्रोन दीदी को नमन करने का कार्यक्रम है। इसलिए मैं इस कार्यक्रम को नाम देता हूं नमो ड्रोन दीदी। पीएम मोदी ने कहा कि सभी लाभ इच्छित लाभार्थियों तक पहुंचना चाहिए। सरकारी नीतियां सांसदों के लिए पोस्टर बनाने के लिए नहीं हैं। मेरे लिए, खर्च किया गया प्रत्येक रुपया जमीनी स्तर पर लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के पीछे मेरा मकसद उन लोगों के अनुभवों को जानना है जो पहले ही हमारी योजनाओं से लाभान्वित हो चुके हैं और ये कि आगे किन लोगों को शामिल करने की जरूरत है। मोदी की गारंटी का लाभ सभी को मिलना चाहिए।

**पीएम ने बताया उनके लिए कौन सी जाति सबसे बड़ी?** देश में जातिगत जनगणना को लेकर उठ रही मांगों के बीच पीएम मोदी ने कहा कि मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- गरीब, मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- युवा, मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- महिलाएं, मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- किसान। इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प- 4 अमृत स्तंभों पर टिका है। ये अमृत स्तंभ हैं- हमारी नारीशक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार।

**हर वर्ग के लोग विकसित भारत यात्रा से जुड़ रहे:** पीएम मोदी ने कहा कि आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे हो रहे हैं। हमने इस गाड़ी का नाम रखा था विकास रथ, लेकिन इन 15 दिनों में लोगों ने इसका नाम बदल कर मोदी की गारंटी वाली गाड़ी रख दिया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोग विकसित भारत रथों का स्वागत कर रहे हैं, रथ के साथ चल रहे हैं। जिस तरह युवा और समाज के हर वर्ग के लोग विकसित भारत यात्रा से जुड़ रहे हैं। वह प्रेरित करने वाले हैं।

### पटना जिला में दो सड़क हादसों में बाइक सवार चार लोगों की मौत

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में गुरुवार को हुए दो सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। घटना मसौढ़ी अनुमंडल थाना क्षेत्र के धनरुआ और पीपरा थाना क्षेत्र में हुई। पहली घटना बिहटा सरमेरा सड़क पर हुई। जिसमें लोदीपुर के समीप एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी होकर गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। दोनों मृतक संतोष और रविकांत बिहारशरीफ के टिकलीपर के रहने वाले थे। दूसरी घटना एसएच 1 पर पभेड़ी के समीप हुई। इसमें दो किशोर तेज रफ्तार हाइवा ट्रक की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई। दोनों भखरी के रहने वाले थे। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई थे।

### कांग्रेस में शामिल हुए तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी बीके रवि


**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर बिहार में कांग्रेस ने एक रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी पर दांव लगाने की तैयारी कर दी है। तमिलनाडु के डीजीपी रह चुके ब्रजकिशोर रवि उर्फ बीके रवि को समस्तीपुर सुरक्षित सीट से लोकसभा चुनाव लड़ाने की चर्चा तेज हो गई है। इसके संकेत खुद बीके रवि ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें समस्तीपुर में जनसंपर्क करने के निर्देश दे दिए हैं। अगर पार्टी उन्हें यहां से उम्मीदवार बनाती है तो मजबूती से वे जीत दर्ज करेंगे।

# जदयू विधायक ने सदर अस्पताल के डॉक्टर को दी धमकी, बोले- इतना मारूंगा कि होश ठिकाने आ जाएंगे

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के बेगूसराय जिले के सदर अस्पताल में पहुंचे विधायक राजकुमार सिंह ने अपना आपा खो दिया। इस दौरान उन्हें ख्याल नहीं रहा कि वे एक डॉक्टर से बात कर रहे हैं। उन्होंने नर्स और बाकी लोगों के सामने डॉक्टर की पूरी बेइज्जती की। विधायक ने डॉक्टर को बीमार और पागल बताते हुए इलाज की जरूरत बताई। हद तो तब हो गई, जब बातचीत के दौरान विधायक खड़े हो गए और डॉक्टर को धमकाने लगे। उन्होंने डॉक्टर को मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं ये भी कहा कि इतना मारूंगा कि होश ठिकाने आ जाएगा। इस बातचीत और विधायक के अस्पताल पहुंचने का वीडियो पूरे जिले में वायरल हो गया है। विधायक ने डॉक्टर को कहा कि तुम बीमार हो। तुम्हारा यही इलाज है। पागल लोगों को यहां बैठा दिया है। विधायक राजकुमार सिंह बम ब्लास्ट में घायल बच्चों से मिलने सदर अस्पताल पहुंचे थे। मरीज के परिजनों ने विधायक से शिकायत किया था कि उनके बच्चों का सही तरीके से इलाज नहीं हो रहा है। उसके बाद ड्यूटी पर बैठे डॉक्टर के पास विधायक राजकुमार सिंह पहुंचे। वहां उनकी डॉक्टर के साथ बहस हो गई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि डॉक्टर क्या कह रहे हैं, विधायक वो सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। डॉक्टर ने शायद ये कहा कि अभी उनकी ड्यूटी नहीं है। वे दूसरा काम कर रहे हैं। इसी पर विधायक भड़क गए और डॉक्टर को बुरा-भला कहा।






### इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित उद्यमी महासम्मेलन में शामिल हुए सीएम

# क्वालिटी से समझौता ना करें स्टार्टअप्स: योगी

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

प्रदेश के एमएसएमई उद्यमी अपने उत्पादों की क्वालिटी से कॉम्प्रोमाइज हर्गिज ना करें, प्रदेश सरकार शासकीय खरीद में उन्हें हर हाल में प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश का एमएसएमई सेक्टर आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। हमने टेक्नोलॉजी को सुदृढ़ करके इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। आज ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में हुए रिफॉर्म के परिणाम सबके सामने हैं। पूरी दुनिया विश्वास के भाव से उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है। हमें अभी से 2024 के इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित उद्यमी महासम्मेलन के दौरान अपने उद्बोधन के दौरान कही।



**पहले हतोत्साहित था यूपी का उद्यमी:** गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरयम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टुवॉर्ड्स इंडस्ट्री 4.0 एंड स्किल 48 से संबंधित प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया, जिसमें प्रदेशभर से एमएसएमई स्टार्टअप्स उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने आयोजकों और उद्यमियों का प्रदेश की राजधानी में स्वागत करते हुए कहा कि पहले यूपी में उद्यम के लिए माहौल और सरकार के स्तर पर प्रोत्साहन व संरक्षण ना होने पर उद्यमी हतोत्साहित था। 2017 में प्रदेश में हमारी सरकार आने के बाद अपने परंपरागत उत्पादों को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में प्रमोट करने के कार्यक्रम का परिणाम हम सबके सामने है। ये देश ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए एक अभिनव योजना है।

**प्रोडक्ट की क्वालिटी और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देना होगा:** मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से आह्वान किया कि कंपटीशन के दौर में प्रोडक्ट की क्वालिटी पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही उसकी पैकेजिंग पर और ज्यादा कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि टेक्नोलॉजी को सुदृढ़ करते हुए इंस्पेक्टर राज से मुक्ति के कार्यक्रम चलाए गये हैं। सीएम योगी ने निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल और ऑनलाइन इन्सेंटिव प्लेटफॉर्म की चर्चा करते हुए कहा कि इससे उद्यमियों को प्रदेश के अंदर निवेश की संभावनाओं को विकसित करन के साथ साथ उनकी सुविधाओं के सरलीकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी की रैंकिंग आज से 6 साल पहले 14वें स्थान पर थी। इसमें व्यापक रिफॉर्म किये गये। जिसका परिणाम सबके सामने है।

**सौर ऊर्जा को प्राथमिकता दें उद्यमी:** मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से कहा कि वह स्थानीय स्तर पर मौजूद शिक्षण संस्थाओं से मैन पॉवर प्राप्त करें। इसके लिए पीएम और सीएम इंटर्नशिप स्कीम की मदद लें। सीएम योगी ने प्रदेश के हर हिस्से में ट्रेड शो के आयोजन पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से सोलर पॉवर के उपयोग को लेकर भी आह्वान किया, जिससे बिना प्रदूषण के बिजली प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई) अमित मोहन प्रसाद, आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल व अन्य मौजूद रहे।

# बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से फर्टिलिटी पर पड़ सकता है असरः डॉ. चंचल शर्मा

**केटी न्यूज/आरा**

आजकल की अनियमित जीवनशैली के कारण ज्यादातर लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्ट्रेस, गलत खानपान, जंक फूड के कारण लोगों में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता जा रहा है। उक्त बातें आशा आयुर्वेदा की सीनियर फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डा. चंचल शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि अक्सर हम सुनते हैं कि कोलेस्ट्रॉल हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

डा. शर्मा ने बताया कि हमारे शरीर में दो प्रकार के कोलेस्ट्रॉल पाए जाते हैं। गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। बैड कोलेस्ट्रॉल हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद



हानिकारक होता है। वहीं गुड कोलेस्ट्रॉल सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसलिए हमारे शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होनी चाहिए। परंतु क्या खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से फर्टिलिटी पर असर पड़ सकता है? इस पर आशा आयुर्वेदा की सीनियर फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट ने बताया कि पहले हम यह जानेंगे कि गुड कोलेस्ट्रॉल क्या है और शरीर में काम कैसे करता है। उन्होंने कहा कि एचडीएल यानी हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन, जिसे अच्छा कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता हैं। यह आपकी रक्त वाहिकाओं में अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल और प्लेग को कम करता है। यह उन्हें रक्त वाहिकाओं से निकालकर लिवर तक ले जाता है, जिसके बाद एक्सक्रीशन के माध्यम से उन्हें बाहर निकाल दिया जाता है। यह बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद करता है। डॉ. चंचल कहती है कि एचडीएल की कमी के कारण प्रजनन आयु की पाँच में से एक महिला एक वर्ष तक प्रयास करने के बाद भी गर्भधारण नहीं कर पाती है। हम जानते हैं कि अंडाशय एचडीएल के रिसेप्टर्स से भरे होते हैं, इसलिए एचडीएल के चयापचय को उस कारण से प्रजनन क्षमता में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ती है। कोलेस्ट्रॉल सभी स्टेरायडल हार्मोन की रीढ़ है, और एक फर्टाइल महिला के लिए हार्मोन के एक ऑर्केस्ट्रा की जरुरत होती है। एक्सपर्ट का मानना है कि अंडाशय एचडीएल के रिसेप्टर्स से भरे होते हैं, इसलिए प्रजनन क्षमता में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है। इसका मतलब अगर एक महिला के शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है तो कंसीव करने में दिक्कत आती है। इसके अलावा डॉ. चंचल कहती है कि यह पुरुषों में इरेक्टाइल डिसफंक्शन के लिए जिम्मेदार होता है। वहीं यह महिलाओं में सेक्सुअल परफोर्मेंस को यह प्रभावित करता है। इसके कारण कामेच्छा कम हो सकती है।

**आयुर्वेद में है कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के उपायः** डॉ. चंचल कहती है कि आयुर्वेद में औषधियों और पंचकर्मा पद्धति के माध्यम से खराब कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने और नेचुरल तरीके से प्रेगनेंसी होना संभव है। स्वस्थ जीवनशैली और पौष्टिक आहार के साथ खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाया जा सकता है। आयुर्वेद में कहा जाता है कि एक परिवार शुरू करने के लिए सबसे जरूरी चीज है कि आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत हों। अगर आपक स्वस्थ हैं और पौष्टिक भोजन करती हैं तो गर्भधारण की संभावना हो सकती है। जिस तरह एलोपैथी विज्ञान में आईवीएफ एक तरीका है, उसी तरह आयुर्वेद में भी प्राकृतिक इलाज संभव है।

## खबरें फटाफट

### चोरी कर टीवी बेच रहे चोरों को लोगों ने दबोचा, की धुनाई

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनियां बाजार पर चोरी की टीवी बेच रहे एक युवक को दुकानदार के सहयोग से रंगे हाथ लोगों ने दबोच लिया। उसके बाद जमकर धुनाई कर दी गयी, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खरौनी गांव निवासी संजय राम है। उसने गांव के ही तीन घरों में चोरी करने की बात भी स्वीकार कर ली है। पूछताछ में उसने बताया कि गांव के ही श्रीराम सिंह उर्फ जोगी सिंह के घर से पांच बोरा धान, पड़ोसी के घर से टीवी और एक व्यक्ति के घर से जौ चोरी की थी। गुरुवार की सुबह वह पियनिया बाजार पर पड़ोसी के घर से चोरी की थी। उसके बाद वह चोरी की टीवी बेचने दुकान पर बेचने गया था। तभी दुकानदार द्वारा टीवी वाले को सूचना दे दी गई। सूचना पाकर ग्रामीण तुरंत पियनिया बाजार स्थित टीवी दुकान पहुंचे और उसे रंगे हाथों पकड़ जमकर धुनाई कर दी।

### तीन हत्यारोपी महिलाएं गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** हत्या के आरोप में तीन महिलाओं को घर से गिरफ्तार किया गया है। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह गांव की हैं। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान उस गांव निवासी रजंनती देवी, आरती देवी एवं तेतरी देवी के रूप में की गई हैं। दरअसल उस गांव निवासी यमुना भुईयां की जमीनी विवाद में मारपीट कर घायल कर दिया गया था। इलाज के क्रम में गत मंगलवार की शाम उनकी मगध मेडिकल गया में मौत हों गई थी। मामले में दर्ज.प्राथमिकी के अधार पर तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष शशी कुमार राणा ने बताया कि जमीन को लेकर दो भाईयों के बिच विवाद में घायल अधेड़ व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई थी जिसमें मृतक के परिजन द्वारा गिरफ्तार तीन महिलाएं सहित अन्य को नामजद आरोपी बनाया गया है। इसी क्रम वह आज पकड़ी गई। वहीं अन्य की तलाश की जा रही है।

## गजराजगंज ओपी क्षेत्र के विशुनपुरा गांव स्थित बगीचा में मिला शव

# शाम में घर से घूमने निकले युवक का मिला शव, नशे का इंजेक्शन देकर हत्या का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में बुधवार की रात एक युवक की संदिगध स्थिति में मौत हो गयी। उसका शव गुरुवार की सुबह गांव स्थित बगीचा से बरामद किया गया है। घटनास्थल से जला कागज, चिमकी और इंजेक्शन की शीशी मिली है। हाथ पर इंजेक्शन देने का निशान भी है। उस कारण परिजनों की ओर से जबरन नशे का इंजेक्शन देकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है।

मृत युवक विशुनपुरा गांव निवासी अखिलानंद तिवारी का 20 वर्षीय पुत्र मोहित तिवारी था। वह छत्तीसगढ़ के रायपुर में प्राइवेट जॉब करता था। इधर, शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। युवक के चाचा तेज नारायण तिवारी ने बताया कि छठ पूजा को लेकर वह 16 नवंबर को रायपुर से वापस गांव लौटा था। बुधवार की शाम वह घर से घूमने निकला था। उसने बीच रास्ते में गांव के ही एक लड़के को अपना मोबाइल दे दिया और किसी लड़के की बाइक पर बैठकर निकल गया। देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटा तो, खोजबीन की गयी। उसके बाद भी कुछ पता नहीं चल



पाया था। तभी एक लड़के द्वारा उसका मोबाइल पर पहुंचा दिया गया। तब परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। इसी बीच गुरुवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने उसे गांव में स्थित बगीचे में बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। सूचना मिलने पर वे लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर शीशी और सुई पड़ा देखा। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। तेज नारायण तिवारी द्वारा घटनास्थल पर शीशी और भतीजे के हाथ में सुई देने व हाथ दबाने के निशान मिलने पर उसे नशीले पदार्थ का ओवरडोज देने के कारण उसकी मौत होने की आशंका जताई गई है। इधर, ओपी इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटनास्थल से चिमकी और जला कागज कागज बरामद किया गया है। मामले की छानबीन कर रही है।

### बीज लेने जा रहे वृद्ध किसान को बेलगाम जीप ने रौंदा, मौत

**आरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के बड़का लौहर गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप गुरुवार की दोपहर बेलगाम कमांडर ने साइकिल सवार एक बुजुर्ग किसान को ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी किसान की इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत किसान बड़हरा थाना क्षेत्र के छपरा पर गांव निवासी 70 वर्षीय राम लगन शर्मा थे। वहीं हादसे के बाद चालक कमांडर लेकर मौके से भाग निकला। किसान के पोते सोनू कुमार ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह साइकिल से बीज लेने आरा जा रहे थे। उसी दौरान बड़का लौहर गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार कमांडर जीप ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। किसान अपने पांच भाई में तीसरे स्थान पर थे।

### पुलिस पर पथराव व फायरिंग मामले में मुखिया प्रतिनिधि और सरपंच सहित तीन दर्जन नामजद

**आरा।** शाहपुर थाना क्षेत्र के बरिसवन गांव में सरकारी योजनाओं में गबन के मामले के गवाह को बंधक बनाकर मारपीट के मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गयी है। इस मामले में पुलिस की ओर से तीन प्राथमिकी दर्ज दर्ज की गयी है। उनमें मुखिया प्रतिनिधि रिंकू तिवारी उर्फ राकेश तिवारी और सरपंच दिलीप तिवारी सहित दो दर्जन से अधिक लोगों को नामजद किया गया है। अन्य आरोपितों में उसी गांव के निवासी कुंदन तिवारी , बुल्लू तिवारी, मुन्ना तिवारी, मनोरंजन तिवारी, सोनू तिवारी, सुधीर तिवारी, विकास तिवारी और विमलेश तिवारी सहित अन्य शामिल हैं। सभी पर सरकारी गवाह को बंधक बनाकर मारपीट करने, पुलिस पर हमला करने, आरोपित को छुड़ा ले जाने और फायरिंग करने का आरोप लगाया है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपितों की धरपकड़ में जुट गयी है। उसे लेकर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। हालांकि अबतक किसी आरोपित की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। मालूम हो कि सरकारी योजना में गबन के मामले में गवाही देने पर बुधवार की दोपहर बरिसवन गांव निवासी भोला पासवान के साथ मुखिया प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, सरपंच दिलीप तिवारी और उनके समर्थकों द्वारा मारपीट की गई थी। फायरिंग भी की गयी थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस पर भी हमला कर दिया गया था। रोड़ेबाजी व फायरिंग कर मुखिया प्रतिनिधि रिंकू तिवारी को पुलिस के कब्जे से छुड़ा लिया गया था। रोड़ेबाजी में दो पुलिस कर्मियों को चोटें भी आयी थी।

### सड़क हादसे में पटना निवासी युवक की मौत

**आरा।** बिहिया थाना क्षेत्र के दोघरा गांव स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप सड़क हादसे में पटना निवासी एक किसान की मौत हो गयी। हादसे में उनके साथ रहे एक अन्य युवक भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज बिहिया में कराया जा रहा है। तेल लेने जाने के दौरान बाइक सवार दोनों को ट्रक द्वारा ठोकर मार दिये जाने की बात कही जा रही है। मृतक पटना जिला के विक्रम थाना क्षेत्र के नगहर गांव निवासी ओम प्रकाश सिंह का 35 वर्षीय पुत्र संजीव रंजन था। मृत किसान के बड़े भाई शशि रंजन कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह आठ घर से बिना कुछ कहे निकला था। वह बिहिया क्यों आया था, यह पता नहीं चल पाया।

## रक्तदान कर लौट रहे युवा पत्रकार की सड़क दुघर्टना में मौत, संघ ने मुआवजा देने की मांग की

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अज्ञात वाहन की टक्कर से जिले के एक युवा पत्रकार की दर्दनाक मौत हो गई। मामला ओबरा थाना क्षेत्र के औरंगाबाद-बेल-पौथु पथ में रामजीवन बिगहा के समीप का है। जहां एक अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से फरार हों गया। पत्रकार की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के बिशुनपूरा गांव निवासी बृजमोहन पासवान के पुत्र बब्लू कुमार के रूप के हुई है। वह गुरुवार को सदर अस्पताल में रक्त दान करने गया था। इसके बाद ओबरा स्थित अपने किसी कार्य को निपटा कर घर लौट रहा था



तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें घंटो सड़क किनारे पड़ा रहा, लेकिन राहगीरों को जब उस पर नजर पड़ी तो आनन-फानन में उठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्रकार की पत्नी रविता देवी, मासूम पुत्र वैभव कुमार एवं पुत्री वैष्णवी के साथ परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

इस घटना पर ज़िला पत्रकार संघ ने शोक जताया है जिसमें प्रेस क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर, वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र नारायन सिंह, राम विनय सिंह, प्रमेन्द्र मिश्र, रवि सिंह, सनोज पांडे, विकास सिंह, सुबोध सिंह, सुजीत सिंह, गणेश प्रसाद, संजय सिन्हा, राजेश रंजन, मनीष कुमार, विपुल सिंह, युवा पत्रकार अनिल कुमार राव सहित अन्य पत्रकारों ने शोक संवेदना प्रकट किया है तथा पत्रकार के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### लॉटरी प्रक्रिया के तहत स्वीकृति पत्र निर्गत

**औरंगाबाद।** अपर समाहर्ता औरंगाबाद की अध्यक्षता में संयुक्त कृषि भवन औरंगाबाद के सभागार में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि यांत्रिकरण अंतर्गत कृषकों द्वारा योजना का लाभ लेने हेतु किये गये आवेदन के आलोक में स्वीकृति पत्र निर्गत करने हेतु ऑन-लाईन लॉटरी प्रक्रिया के तहत स्वीकृति पत्र निर्गत किया गया। इस दौरान राज्य योजना अन्तर्गत विभिन्न यंत्रों का 413 स्वीकृति पत्र, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अन्तर्गत 30 स्वीकृति पत्र, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तेलहन) योजना अन्तर्गत 21 स्वीकृति पत्र, सब मिशन ऑन एग्रीक्लचर मेकेनाईजेशन योजना अन्तर्गत 32 स्वीकृति पत्र। इस तरह से कुल 496 आवेदकों को अनुदानित दर पर विभिन्न कृषि यंत्र क्रय करने हेतु स्वीकृति पत्र निर्गत किया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद ने सभी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि अगली बार आवेदन हेतु पोर्टल खुलने पर अधिक से अधिक आवेदन कराना सुनिश्चित करेंगे।

## डीएम ने जनसंवाद कार्यक्रम में कल्याणकारी योजनाओं से जनता को कराया अवगत

# इमरजेंसी सेवा के लिए 112 नंबर डायल करें : एसपी

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जन-संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा देव प्रखंड के ग्राम पंचायत- खरकनी के पंचायत सरकार भवन में किया गया। इस अवसर पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को अवगत कराया गया। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी, अपर समाहर्ता एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी जनता के समक्ष रखा गया। उनके द्वारा मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना,




मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मनरेगा, लेबर वेलफेयर फंड, पंचायत सरकार भवन इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के हर व्यक्ति को मिले। डायल 112 के तहत मेडिकल, फायर एवं पुलिस इमरजेंसी की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। साइबर अपराध को रोकने के लिए डायल 1930 हेल्पलाइन की व्यवस्था की गई है। हर जिले में साइबर अपराध को रोकने के लिए साइबर थाना खोला गया है। दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को सहयोग देने का अनुरोध किया गया।

अपर समाहर्ता द्वारा राजस्व विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। अपर समाहर्ता द्वारा भूमि दाखिल खारिज, ऑनलाइन रसीद, अभियान बसेरा, जमाबंदी का आधार सीडिंग, एलपीसी इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं मनरेगा योजनाओं की उपलब्धि के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। इस दौरान एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार, अंचल अधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राज्य सरकार के लोग अगड़ा-पिछड़ा करके अपनी नाकामी छुपाने में लगे हैं: शाहनवाज हुसैन



**जहानाबाद।** जहानाबाद पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान विधानपरिषद सदस्य शाहनवाज हुसैन ने बिहार सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार पटरी से उतर चुकी है। मुख्यमंत्री दबाव में हैं। विकास में देरी होना विकास ना होने के बराबर है। हम जब मंत्री थे तो उद्योग के क्षेत्र में निवेश का जो माहौल बनाया था अब वह फाइल धूल फूंक रही है। सरकार के लोग अगड़ा पिछड़ा करके अपनी अपनी नाकामी छुपाने में लगे हैं। आज जो सरकार एक खास समीकरण का हवाला देती है, आज अल्पसंख्यक समाज भी ठगे महसूस कर रहे हैं। मुस्लिम मंत्री का जनता नाम तक नहीं जानती। सभी जगह अफसरशाही एवं गुंडागर्दी का राज हो चुका है। कुर्सी कुमार मुख्यमंत्री मानसिक रोगी हो चुके हैं। उनको अब कुछ समझ में नहीं आता है। शिक्षा में भी हिंदू मुस्लिम कर दिया है, वह तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। इससे पहले जिला अतिथि गृह पहुंचे शाहनवाज हुसैन का जिला अध्यक्ष अजय कुमार देव व भाजपा नेता सौरभ सम्राट ने अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

### ज़िला पदाधिकारी ने किया विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश



**औरंगाबाद।** शहर के कर्मा रोड के समीप आरोहण विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान का ज़िला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने निरीक्षण किया गया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी किशोर कुमार, नोडल पदाधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई सह पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय , बाल संरक्षण इकाई-सह-सदस्य सचिव सहित कई अन्य मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उक्त संस्थान में 07 बच्चे (विशेष आवश्यकता वाले 05 बच्चे सहित) आवासित थे। विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में 0-6 वर्ष के देखरेख एवं संरक्षण के जरूरतमंद 10 बच्चों का आवासन कराया जाता है। जिले के अनाथ निराश्रित एवं परित्यक्त बच्चे जिनके माता-पिता, अभिभावक व रिश्तेदार की खोज नहीं की जा सकती। वैसे बच्चों को दत्तकग्रहण विनिमय, 2022 के प्रावधानानुसार उपयुक्त दम्पति को कानूनी रूप से गोद दिया जाता है। अवैध रुप से गोद लेना एवं देना दंडनीय अपराध है। अनाथ निराश्रित एवं परित्यक्त बच्चों को गोद देने हेतु जिले में विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान फैसिलिटेशन सेंटर के रुप में कार्य करती है। गोद लेने वाले कोई भी इच्छुक दम्पति अपना ऑनलाईन निबंधन केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के बेवसाईट पर करा सकते हैं। गोद लेने देने की सारी प्रक्रिया ऑनलाईन है। उक्त मौके पर जिला पदाधिकारी द्वारा संस्थान में संधारित मास्टर पंजी में भावी दत्तकग्राही माता-पिता का मोबाईल नंबर अद्यतन करने हेतु एवं संस्थान में कार्यरत गार्ड का ड्रेस कोड निर्धारित करने तथा दत्तकग्रहण में गये बच्चों का प्रकिया पूर्ण होने तक उनका फॉलोअप करने का निदेश दिया गया। आवासित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के संबंध में उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी से विशेष जानकारी ली गई एवं मौजूद कर्मियों को सभी बच्चों का उपयुक्त तरीके से देख-भाल करने हेतु निदेशित किया गया।

### लैंगिक असमानता व लिंग आधारित हिंसा को रोकने के लिए समन्वय जरूरी

**औरंगाबाद।** नई चेतना अभियान- पहल बदलाव की ओर कार्यक्रम के तहत 30 नवम्बर को महिला एवं बाल विकास निगम, जीविका एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित हिंसा रोकने के मुद्दों पर सखी वार्ता का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र सह उच्च माध्यमिक विद्यालय कर्मा भगवान, औरंगाबाद में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम ने उपस्थित महिलाओ एवं छात्राओं को हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज उठाने, कभी मूकदर्शक बनकर नहीं रहने , सहायता देने में पीछे नहीं रहने, सबके साथ समान व्यवहार करने, लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ने एवं इसकी शुरूआत हम अपने घर से करें जैसे बिंदुओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित भेदभाव तथा हिंसा को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करें। इसके लिए महिलाओं एवं बालिकाओं को आगे आना होगा और हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़नी होगी। लड़कियां आज हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं सिर्फ उन्हें अवसर देने की आवश्यकता है।



# छात्रों में तकनीकी शिक्षा व प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने में सबसे कारगर है विज्ञान प्रदर्शनी: दीपक कुमार

- ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल रूपसागर में आयोजित हुआ विज्ञान व कला प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक बनाया प्रोजेक्ट
- आकर्षण का केंद्र रहा रेन वाटर हार्वेस्टिंग, विड- मिल व स्ट्रीटलाइट प्रोजेक्ट





**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड के रुपसागर स्थित ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल प्लस टू में गुरुवार को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने एक से बढ़कर आकर्षक माडल बनाया था। जिससे देखकर लोग दंग थे। विज्ञान प्रदर्शनी के लिए विद्यालय परिसर में छात्रों ने स्टाल लगाया था। इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 11 तक के छात्रों ने हिस्सा लिया था। छात्रों ने प्रदर्शनी में नान मेडिकल, मेडिकल, वाणिज्य एवं कला संकाय के विषयों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। वही हिदी व संस्कृत विषय के छात्रों ने प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था का सचित्र वर्णन करते हुए गुरुकुल शिक्षा, मध्यकालीन शिक्षा एवं आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की यात्रा के मॉडल बनाया था। विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का उद्घाटन नावानगर थानाध्यक्ष राजीव कुमार राय, रूपसागर मुखिया बृजकुमार सिंह, विद्यालय के डायरेक्टर दीपक कुमार ने संयुक्त रुप से किया। अपने संबोधन में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि विज्ञान एवं तकनीक के आधुनिक युग में इस प्रकार के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में कारगर साबित होंगे। इस मौक पर विद्यालय के चेयरमैन रमेश सिंह, प्रधानाचार्य दिग्विजय पांडेय समेत क्षेत्र के दर्जनों शिक्षाविद् एवं विद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मी थे।

विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में छात्रों का हुनर देख सभी ने खूब तारीफ किया। प्राइमरी कक्षा के छात्रों ने स्मार्ट सिटी, एयर पॉल्यूशन, वाटर - सायकल, पीएसवीएलवी राकेट, ड्रिप इरिगेशन विषयों पर महत्वपूर्ण माडल बनाए थे। वही सीनियर कक्षा के छात्रों ने हाइड्रोलिक जेसीबी, टेलिस्कोप, एनर्जी कन्वर्जन, सोलर सिटी, हाइड्रालिक ब्रेक तथा विज्ञान संकाय से हाइड्रोलिक ब्रिज, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, हाइड्रोपावर प्लांट, एवं सोलर एनर्जी प्लांट, इलेक्ट्रोलिसिस एंड फ्यूल सेल, यूरिया केमिकल प्लांट, वेस्ट वाटर मैनेजमेंट, बायोडीजल फ्राम किचन वेस्ट, वर्किंग आफ ह्यूमन मसल्स, वर्किंग माडल आफ जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बनाकर विज्ञान एवं तकनीक का प्रदर्शन किया। जबकि अर्थक्वेक अलार्म, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, विड-मिल एवं स्ट्रीटलाइट के प्रोजक्ट से छात्रों का हुनर वाहवाही योग था।

## खबरें फटाफट

### बच्चों के विवाद में हुई मारपीट, महिला समेत चार जख्मी

**नावानगर।** बच्चों के विवाद में स्थानीय गांव के दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक महिला समेत चार लोग जख्मी हो गए हैं। जख्मी में सबिता देवी, चिंटू कुमार समेत दो अन्य है। सभी जख्मी का इलाज नावानगर सीएचसी में कराया गया। इधर दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए नावानगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि एक पक्ष के विमला देवी तथा दूसरे पक्ष के चिंटू कुमार ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें आरोपी चिंटू कुमार को जेल भेज दिया गया है।

### प्रताप सागर में दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी

**डुमरांव।** बुधवार की रात नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के प्रताप सागर गांव में दरवाजे पर खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। प्रताप सागर गांव निवासी बजरंग यादव अपने रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होकर देर रात को घर पहुंचे और स्प्लेंडर प्रो बाइक नंबर (बीआर 44 एल 9596) को दरवाजे के सामने खड़ी कर घर में सोने के लिए चले गए। सुबह जगकर देखें तो दरवाजे पर बाइक नहीं थी।

## गुप्त सूचना के आधार पर चेकिंग अभियान में डुमरांव पुलिस को मिली सफलता

# स्कॉर्पियो पर लगा था सीआईडी का बोर्ड जांच में बंदूक के साथ चार युवक धराए

- पकड़े गए चार युवक रोहतास जिले के दावथ के रहने वाले हैं
- युवक वाहन में बंदूक लेकर घूम रहे थे इसकी नहीं मिल सकी जानकारी
- पूछताछ में फर्जीवाड़े के किसी बड़े नेटवर्क का हो सकता है खुलासा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरूवार को डुमरांव पुलिस ने गुप्त सूचना पर सीआईडी का बोर्ड व लोगों लगे एक स्कार्पियों को जब्त किया। उक्त वाहन से चार युवक भी पकड़े गए है जबकि वाहन से एक लाइसेंसी बंदूक भी बरामद हुआ है। लेकिन बंदूक का लाइसेंस उन युवकों में से किसी के नाम पर नहीं था। इसके बाद पुलिस सभी को पकड़ थाने लाई तथा जांच पड़ताल में जुट गई। पकड़े गए संजय सिंह, रंजन कुमार, सुरेन्द्र कुमार व वृंद कुमार रोहतास जिले के दावथ के रहने वाले हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर उनकी मंशा को भांप रही है।

जानकारी के अनुसार डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी को गुप्त सूचना मिली थी कि सीआईडी का फर्जी बोर्ड लगा कुछ युवक एक स्कार्पियों से घूम रहे हैं। उनके वाहन में अवैध हथियार भी है। इस सूचना पर एसडीपीओ ने तत्काल डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार को उनके निर्धारित रूट चार्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाने को कहा। थानाध्यक्ष स्टेशन के पास स्थित महाराजा पेट्रोल पंप के पास वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान एक सफेद रंग की स्कार्पियों जिसका नंबर बीआर 03 पी 6886 था, जिस पर आगे सीआईडी का बोर्ड व पीछे लोगों लगा था। पुलिस ने उक्त वाहन को रोक जब पूछताछ शुरू की तो उसमें बैठे ड्राइवर समेत चारों युवक बंगले झांकने लगे। पुलिस को माजरा समझते देर नहीं लगी कि इन युवकों में से कोई सीआईडी में नहीं है। इसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें एक बंदूक मिला। जिसका लाइसेंस भी युवक नहीं दिखा पाए। एक युवक ने बताया कि लाइसेंस उसके चाचा के नाम पर है। हालांकि उनकी मंशा क्या थी तथा वे सीआईडी का बोर्ड लगा व बंदूक ले किस योजना से निकले थे, इस संबंध में पुलिस ने अभी कुछ जानकारी नहीं दी है। वही सूत्रों की मानें तो कड़ाई से पूछताछ में फर्जीवाड़े के किसी बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।

**क्या कहते हैं एसडीपीओ**

सीआईडी का बोर्ड लगे एक स्कार्पियों को गुप्त सूचना पर जब्त किया गया है। वाहन से एक बंदूक मिला है और चार युवकों को पकड़ा गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

**अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव**

## वीर कुंवर सिंह सेतु से 50 लाख रुपए का शराब लदा कंटेनर जब्त, चालक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर के वीर कुंवर सिंह सेतु पर पिछले महीने करोड़ो की शरा जब्त होने के बाद भी तस्करों के मंसूबे कमजोर नहीं हुए है। गुरूवार को औद्योगिक थाने की एलटीएफ की टीम ने एक बार फिर से शराब लदी एक कंटेनर को जब्त किया है। उक्त कंटेनर पर 50 लाख रूपए मूल्य का शराब लदा था। पुलिस को देखते ही उसका चालक भागने लगा था। लेकिन पुलिस ने करीब आधा किलोमीटर तक उसे दौड़ा पकड़ लिया।

गिरफ्तार चालक राजस्थान के बाडमेर का रहने वाला आखमेर खां है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह में वीर कुंवर सिंह सेतु पर एलटीएफ प्रभारी कुणाल कृष्ण के नेतृत्व में वाहन जांच किया जा रहा था। इसी दौरान राजस्थान नम्बर की ट्रक को शक के आधार पर रोककर पूछताछ किया जाने लगा तो चालक मौके का फायदा उठा भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और जब ट्रक की तलाशी ली तो उसमें से भारी मात्रा में शराब की पेटियां बरामद हुई। इसके बाद चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। चालक ने बताया कि वह ट्रक लखनऊ से लेकर आ रहा है और पटना जाना था। वही बक्सर सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि पकड़ी गयी शराब की कीमत लगभग 50 लाख से अधिक है। तस्कर से विस्तृत जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक थाने की पुलिस को एलटीएफ प्रभारी कुणाल कृष्ण के नेतृत्व में यह सफलता मिली है। वही ट्रक को पकडे.जाने के बाद नगर थाना हुए उत्पाद थाना भी पहुंच गया था। बता दें कि पिछले महीने भी इस चेक पोस्ट पर शराब लदे तीन बड़े कंटेनर पकड़े गए थे। बक्सर पुलिस और उत्पाद विभाग द्वारा लगातार किये जा रहे कार्रवाई की वजह से पिछले दो माह में अबतक लगभग दस करोड़ से अधिक की शराब पकड़ी जा चुकी है। जिसका डीएम की उपस्थिति में विनिष्टीकरण भी किया गया। मद्य निषेध के क्षेत्र में स्थानीय पुलिस प्रशासन की मुश्तैदी का ही परिणाम है कि कुछ दिन पहले ही डीएम अंशुल अग्रवाल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मद्य निषेध पदक से सम्मानित किया है।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बक्सर की सृष्टि ने जीता गोल्ड मेडल



**बक्सर।** कला संस्कृति एवं युवा मंत्रालय द्वारा बेगूसराय में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बक्सर की सृष्टि ने अंडर 19 में गोल्ड मेडल जीत जिले का नाम रौशन किया है। उसके गोल्ड मेडल प्राप्त करने के बाद जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह दिख रहा है। खेल प्रेमियों ने सृष्टि को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर करने की शुभकामनाएं दी है। प्रतियोगिता के दौरान सृष्टि का दबदबा कायम रहा तथा वह शुरू से ही बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंदियों को मात देते हुए यह सफलता प्राप्त की है। सृष्टि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में अपने आयु वर्ग में बिहार का नेतृत्व करेगी। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता बेगूसराय स्थित एमआरजेडी कॉलेज में राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित हुआ। बालिका अंडर 19 आयु वर्ग एवं 59 किलोग्राम वजन वर्ग मे सृष्टि कुमारी ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया। ताईक्वांडो खेल के सचिव संजय सिंह एवं कोच शैलेश सिंह ने बताया कि बीते 25 नवम्बर से 28 नवम्बर तक राज्य स्तरीय बालिका ताईक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन एमआरजेडी कॉलेज बिष्णुपूर, बेगूसराय मे किया गया था। जिसमें सूबे के 27 जिले से 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने वाले चार बीएलओ से स्पष्टीकरण

**केसठ।** मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने वाले चार बीएलओ से बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने गुरुवार को स्पष्टीकरण पूछा है। उन्होंने बताया कि बीएलओ वीरेंद्र कुमार (181), अनवर हुसैन (182), निर्मल कुमार (183), निराशा कुमारी (196) ने मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्य में लापरवाही बरतने के साथ निर्वाचन आयोग के कार्य में उदासीनता दिखाने के विरुद्ध में स्पष्टीकरण की मांग की गई है। सभी बीएलओ को दो दिनों के अंदर अपना जबाव बीडीओ कार्यालय में देंगे। ऐसा नहीं करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी साथ ही वेतन बाधित किया जाएगा तथा जिला पदाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। उन्होंने कहा कि संतोषजनक जबाव नहीं देने वालों पर विभागीय कार्रवाई तय है। बता दें कि 25 व 26 नवंबर को लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए सभी बूथों पर कैंप लगाया गया था। इसी कैंप में प्रखंड के चार बीएलओ पर लापरवाही बरतने के आरोप लगे है। बीडीओ ने कहा कि मतदान संबंधित कार्यों में लापरवाही दंडनीय अपराध है।

### बीएलओ के साथ बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**केसठ।** प्रखंड परिसर स्थित मनरेगा भवन के सभागार में गुरुवार को बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को ले समीक्षा बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ ने किया वही संचालन नोडल बीएलओ अजय कुमार विक्रांत ने किया। इस दौरान सभी बीएलओ ने अपने अपने क्षेत्र का मतदाता सूची के कार्यों के अद्यतन स्थिति का रिपोर्ट बीडीओ को दिया। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए बताया कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही, शिथिलता एवं कर्तव्य हीनता बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी एवं वेतन स्थगित किया जाएगा। इस मौके पर सुनील कुमार, अलाउद्दीन अंसारी, लालबाबु प्रसाद, मुन्ना सहित अन्य बीएलओ मौजूद थे।

## सरकार जितना जुल्म करना है कर ले, हमें डरना नहीं है: बिंदेश्वर सिंह

**केटी न्यूज/बक्सर**

पांच सूत्री मांगो को लेकर पिछले दो महीन से चल रहे आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के हड़ताल के 61 वें दिन बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बिंदेश्वर सिंह बक्सर पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन से डरना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को जितना जुल्म करना है कर ले हमें न तो झुकना है और न ही डरना है।

किला मैदान में आयोजित सभा की अध्यक्षता जिला महासचिव लीलावती देवी ने व संचालन जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार सरकार झूठ बोलकर गलत तरीके से चयनमुक्त कर रही है, इससे डरना नहीं है। हमलोग जीत के करीब है, बहुत जल्द हमारी जायज मांगो को सरकार को पूरा करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम कोई चोरी छुपे हड़ताल पर नहीं गए हैं। बल्कि बिहार सरकार, डीएम, डीपीओ आईसीडीएस को जानकारी और अपना मांग पत्र सौंपने के बाद हड़ताल किये है। उन्होंने कहा कि इस तानाशाह सरकार को सबक सिखाएंगी आंगनबाड़ी की बहनें। उन्होंने हड़ताल में शामिल नहीं होने वाली सेविकाओं को कहा कि कुछ सेविकाएं दलालों के चक्कर में पड़ गई है। य्जबतक सरकार हमारी बात नहीं मानती डटे रहना है। मौके पर पूनम चौबे, पुष्पा सिंह, रंजू देवी, रेनू देवी, रीता देवी, प्रेमा देवी, आशा देवी, सुनैना देवी, सीमा देवी, समेत सैकड़ो आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका मौजूद रही।

## महंगी पड़ी हड़ताल... चयनमुक्त की गईं जिले की 211 आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका

**केटी न्यूज/बक्सर**

अपनी मांगों के समर्थन में पिछले दो महीने से हड़ताल पर डटी जिले के विभिन्न प्रखंडों की 211 सेविका व सहायिकाओं को चयनमुक्त कर दिया गया है। उनपर यह कार्रवाई मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में की गई है। वही इस कार्रवाई के बाद आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं में आक्रोश कायम हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के चौंगाई प्रखंड में सबसे अधिक 92 सेविका एवं 77 सहायिकाओं को चयनमुक्त किया गया है। वहीं बक्सर सदर प्रखंड एवं चौसा के कुल 42 सेविकाओं पर विभागीय कारवाई के तहत चयनमुक्त कर दिया गया है। जिसमें चौसा प्रखंड के 7 सेविका शामिल है।

इनपर चुनाव कार्य के तहत मतदाता सूचि के संधारण के कार्य में लगाया गया था। लेकिन इनके द्वारा पूरा नहीं किया गया। जिस कारण इनपर बड़ी कारवाई की गई है। चयनमुक्त करने की कार्रवाई आइसीडीएस डीपीओ रंजना कुमारी नें किया है। आईसीडीएस की इस विभागीय कारवाई के बाद सेविकाओं एवं सहायिकाओं में आक्रोश कायम हो गया है। ज्ञात हो कि आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर पिछले दो माह से अनिश्चितकालीन हड़तात कर रही है। जिसको लेकर वे बीएलओ के दायित्वों को करने में अपेक्षाकृत उदासीनता दिखाई है। इस संबंध में सेविकाओं का कहना है कि विभागीय निर्देश के अनुसार बीएलओ का कार्य नहीं करना है। सेविकाओं ने कहा कि उन लोगों पर भी कारवाई की जा रही है जिन्होंने मतदाता पुनरीक्षण का कार्य भी किया है। जिसका कार्य शून्य है उनपर तो कोई कारवाई भी नहीं की जा रही है। वही विभागीय स्तर पर हड़ताल से वापस आने के लिए दबाव दिया जा रहा है। इस कारवाई के बाद आक्रोशित सेविका एवं सहायिकाओं ने नगर के किला मैदान में अपनी संगठनात्मक एकता दिखाई और कहा कि वे कारवाई से डरेंगी नहीं बल्कि अपनी हक की लड़ाई को जारी रखेंगी।

### रेडक्रॉस सोसाइटी के अंतिम मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन, चुनाव शीघ्र

**बक्सर।** गुरुवार को बक्सर अनुमंडल पदाधिकारी सह उपाध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी धीरेंद्र मिश्र ने रेड क्रॉस सोसाइटी के अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया। इस दौरान कुल 120 लोगों के द्वारा आपत्ति दर्ज किया गया था। जिसका निराकरण नियमानुकूल किया गया। एसडीओ ने बताया कि आने वाले दिनों में जल्द ही सोसायटी के चुनाव की तिथि भी प्रकाशित की जाएगी।




## डेंगू मरीजों के घरों के आसपास एंटी लार्वा दवाओं का कराया जा रहा है छिड़काव

# डेंगू से बचने के लिए घरों के आसपास जमा न होने दें पानी - एसीएमओ

**केटी न्यूज/बक्सर**



बरसात का मौसम भले ही खत्म हो गया है, लेकिन मच्छरों का प्रकोप बदस्तूर जारी है। शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में भी लोग मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं। जिसके कारण मच्छर जनित बीमारियों की संभावना कम होने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे में जिले में डेंगू और वायरल फीवर का खतरा बढ़ गया है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू से बचाव की गतिविधियां लगातार जारी हैं। जहां एक ओर बुखार के मरीजों का ब्लड सैंपल लेकर जांच की जा रही , वहीं शहरी और ग्रामीण इलाकों में छिड़काव भी कराया जा रहा है। साथ ही, ग्रामीणों को डेंगू के लक्षणों की पहचान, जांच, इलाज और बचाव को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है। ताकि, लोग डेंगू से बच सकें।

जिला अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि फिलवक्त मच्छरों के पनपने के लिए मौसम अनुकूल है। जिसको देखते हुए जिले में एंटी लार्वा का छिड़काव जारी है। जहां शहरी क्षेत्रों में नगर प्रशासन के माध्यम से दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा छिड़काव कराया जा रहा। कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू मच्छर साफ पानी में पनपता है। इसके लिए एक चम्मच जितना पानी भी काफी होता है। डेंगू व मच्छरजनित बीमारियों से बचने के लिए लोग अपने घर, छत, आसपास व दफ्तर आदि में कहीं भी पानी जमा न होने दें। घर के अंदर मच्छरों से बचाव वाली स्प्रे का छिड़काव करें।

**डेंगू के मच्छर का दिन में ज्यादा खतरा**

एसीएमओ डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि डेंगू का एडीज एजिप्टाई मच्छर गंदे की बजाय साफ पानी में पनपता है । यह रात के बजाय दिन में काटता है। जब किसी व्यक्ति को काटता है, तो शरीर में इसका वायरस पहुंचता है। डेंगू के लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, पेटदर्द, हाथ-पैरों में तेज दर्द, शरीर पर दाने निकल आना, कभी-कभार उल्टी। हालात बिगड़ने पर तेज दर्द, बार-बार उल्टियां, लीवर बढ़ जाना, शरीर पर सूजन, हाथ पैर ठंडे, ब्लीडिंग आदि। इस दौरान लोगों को यह समझना होगा कि अगर इलाज में देरी हुई तो मरीज के मौत की संभावना भी बढ़ जाती है। इसलिए लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

# लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार

**विधानसभा-शीतकालीन सत्र**

- शीतकालीन सत्र में योगी सरकार के मंत्रियों ने सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का दिया लिखित जवाब



**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

योगी सरकार अपनी नीतियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश में शघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश भर में सरकार द्वारा विभिन्न प्रोत्साहनात्मक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विधान सभा शीतकालीन सत्र के दौरान इस सांध में पूछे गए एक प्रश्न के जवाा में योगी सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने इसकी लिाखित में जानकारी दी।

इसमें उन्होंने बताया कि 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' में परियोजना शागत 50 लाख रुपए तक की परियोजनाओं की स्थापना में परियोजना शागत का 15 से 35 प्रतिशत तक, 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' में 25 लाख रुपए तक की परियोजनाओं हेतु 25 प्रतिशत तक अनुदान की व्यवस्था है। इसी प्रकार 'एक जनपद एक उत्पाद' के अंतर्गत वित्त पोषण योजना में परियोजना लागत का 10 से 25 प्रतिशत तक का अनुदान अधिकतम 20 लाख रुपए की सीमा तक उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' एवं 'एक जनपद-एक उत्पाद' योजनाओं के अंतर्गत कौशश विकास एवं टूल-किट वितरण के माध्यम से पारम्परिक उत्पादों से जुड़े कारीगरों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए आधुनिक टूल किट उपलब्ध कराई जाती है।

**आरक्षण की भी है व्यवस्था:** उन्होंने बताया कि भारत सरकार की योजना 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' के अन्तर्गत अनुसूचित जाति हेतु 20.70 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति हेतु 0.57 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किए जाने की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों हेतु परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अपने पास से लगाना होता है, वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं विकलांग जन हेतु परियोजना लागत का मात्र 5 प्रतिशत अंशदान अपने पास से लगाना होता है। 'एक जनपद एक उत्पाद' वित्त पोषण योजना विभिन्न श्रेणी के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना विभिन्न श्रेणी के पारम्परिक कारीगरों को बढ़ावा देने के लिये लागू की गई है।

**2022-2023 में 15 लााख से ज्यादा पिछड़ा वर्ग छात्रों को मिशी छात्रवृत्ति:** पिछड़ा वर्ग कल्याण से सांधी एक प्रश्न का जवाब देते हुए विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने ाताया कि वित्तीय वर्ष 2022-2023 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के 2344689 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष 1596455 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। उन्होंने ाताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट प्रावधान 1450 करोड़ के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1850 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

**प्रदेश के अंदर और बाहर अध्ययनरत पात्र छात्रों को की जा रही शुल्क प्रतिपूर्ति:** एक प्रश्न के लिखित जवाब में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने ाताया कि प्रदेश के अन्दर समस्त मान्यता, समद्धता प्राप्त शिक्षण संस्थानों तथा प्रदेश के बाहर राजकीय एवं अनुदानित शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्रों को नियमावशी के नियमों के अधीन शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के नामित 36607 अनुसूचित जाति छात्रों को शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अध्ययनरत छात्रों द्वारा ऑनलााइन आवेदन किया जा रहा है, पात्र एवं सही डाटा वाशे छात्रों को मार्च, 2024 में धनराशि प्रदान की जाएगी।

## फेफना थाना के कटरिया गांव से मुखबीर की सूचना पर मिली सफलता

# चोरी की योजना बना रहे सात आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, अवैध तमंचा बरामद

**केटी न्यूज/फेफना**

पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह के 7 आरोपियों को कटरिया गांव से गुरुवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से दो नाजायज तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक अवैध चाकू, एक पेचकस व एक स्टील का कड़ा बरामद हुआ। आरोपियों का नाम अंगद कुमार, सद्दाम हुसैन, गोलू अली, प्रिंस कुमार, रहमान, अभय व अमित यादव है। पुलिस ने सभी आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय में चालान कर दिया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपीगण कटरिया गांव में चोरी की योजना बना रहे हैं। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए व्यक्तियों से कड़ाई से बारी-बारी तथा एक साथ पूछताछ किया गया तो सबने बताया कि हम सब लोग मिलकर इन्ही उपकरणों व सामानों से दुकान व मकान का ताला तोड़कर चोरी करते है और अपना खर्च चलाते है। अजीत यादव ने बताया कि हम सब लोगों का मुखिया अंगद कुमार है। उसी के साथ हम सब लोग काम करते हैं, कुछ दिन पूर्व हमारा अंगद से आपसी बातों को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें अंगद ने हमको मार दिया था तब हमने भी उसके पिता को मार दिया था, फिर हमारा आपस में समझौता हो गया था । चाकू व तमंचा हम लोग अपनी सुरक्षा के लिए रखते हैं। आज भी हम लोग चोरी करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने सभी सातों आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान किया गया है।



### 25 पेटी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बलिया।** सहतवार थाने की पुलिस ने चांदपुर पुरानी बस्ती से गिरफ्तार शराब तस्करी के तीन आरोपियों को गुरुवार को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सहतवार थाने की पुलिस को बुधवार की रात मुखबिर से सूचना मिली कि तीन लोग चांदपुर पुरानी बस्ती में भारी मात्रा में अवैध देशी शराब के साथ खड़े हैं। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों को दबोच लिया। तीनों के पास से कुल 25 पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुआ। तीनों का नाम जयप्रकाश सिंह, जितेन्द्र कुमार व संजय ठाकुर है तथा तीनों चांदपुर पुरानी बस्ती के रहने वाले हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के साथ ही न्यायालय चालान कर दिया है।

### बालू लाने गए ट्रक चालक की सड़क हादसे में मौत

**नगरा।** बिहार प्रांत से लाल बालू लाने गए नगरा निवासी ट्रक चालक असगर अली 32 वर्ष की सड़क हादसे में मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। असगर अली टेलर ट्रक लेकर आरा बिहार से लाल बालू लाने गए थे। बताया जा रहा है कि वहां सड़क किनारे खड़ी ट्रक से उनके टेलर ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसके कारण उन्हें चिंताजनक हालत में परिजनों ने मऊ अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से डाक्टरों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही गुरुवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक नगरा कस्बा का मूल निवासी था और देवढ़िया गांव निवासी रामबदन सिंह का टेलर ट्रक चलाता था और घटना के समय लाल बालू लाने आरा बिहार गया था। मृतक अपने पीछे पत्नी व एक पुत्र से भरा परिवार छोड़ गया है। घटना के बाद माता, पिता और पत्नी का रोरो कर बुरा हाल है।

### ट्रेलर की टक्कर से ई-रिक्शा सवार अधेड़ की मौत

**बलिया।** नरहीं क्षेत्र अंतर्गत सोहांव में ट्रेलर की टक्कर से ई-रिक्शा पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। वहीं, घटना के बाद चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा को सड़क से हटवाने के साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। गुरुवार की सुबह सवारी लेकर ई-रिक्शा लक्ष्मणपुर की तरफ जा रहा था। सोहांव चट्टी से पहले सामने से आ रहे ट्रेलर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार बिहार के पटना निवासी पंचम सिंह (55) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पटना निवासी सुधीर कुमार (35), सुरेन्द्र कुमार (50), शैलेश सिंह (50) व राकेश प्रसाद (55) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी नरहीं पहुंचाने के साथ ही पंचम सिंह के शव को कब्जे में ले लिया।

### टेंपो के धक्के से वृद्ध की मौत

**गाजीपुर।** रामपुर माझां थाना क्षेत्र के देवकली बस स्टैंड के पास दोपहर में विक्रम टेंपो के धक्का लगने से देवकली निवासी अम्बिका पाल (60) की सिर में गंभीर चोट लगने से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतक किसान सम्मान निधि का पैसा लेने पहाड़पुर यूनियन बैंक जा रहा था। देवकली बस स्टैंड पर विक्रम टेंपो को रोकने के लिए हाथ से इशारा किया। टेंपो चालक संतुलन खो बैठा, जिससे अम्बिका पाल को धक्का लग गया।

## खबरें फटाफट

### 50 बेड के अस्पताल की भूमि का डीएम करेंगे निरीक्षण

**चंदौली।** जिला आयुष समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 50 शैय्या वाले आयुष चिकित्सालय हेतु उपलब्ध भूमि का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा यथाशीघ्र किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दान में प्राप्त भूमि को चिकित्सालय के नाम करने हेतु प्रक्रिया पर दिशा निर्देश दिया गया। इसके साथ ही धीना में आयुर्वेद चिकित्सालय हेतु भूमि को खतौनी में आवंटन हेतु निर्देश दिए गए। मारूफपुर, भुजना में बाउंड्री वाल हेतु डीसी मनरेगा द्वारा बताया गया कि एस्टीमेट बना लिया गया है। जल्द ही कार्य शुरू कराया जायेगा।

### गैस के दाम को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर बोला हमला

**चंदौली।** घरेलू गैस के दाम को लेकर भाजपा के दोहरे चरित्र को उजागर करने के लिए कांग्रेस गुरुवार को मुखर नजर आयी। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल के नाम से संबंधित पत्रक सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि भाजपा द्वारा अभी वर्तमान में संपन्न हुए राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में क्रमशः 450 एवं 550 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। परन्तु जिन राज्यों में इनकी सरकार है वहां पर घरेलू गैस सिलेंडर अभी भी बड़े हुए दामों पर मिल रहे हैं।

### गरीब बेटी की शादी में सफाई कर्मचारी संघ ने की मदद

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुड़ियारी निवासी विकास खण्ड जखनियां के सफाई कर्मचारी साथियों के बीच रहने वाले अत्यंत गरीब गैर सरकारी व्यक्ति कमला राम की बिटिया की शादी में निमंत्रण के तौर पर विकास खण्ड जखनियां के सम्मानित सफाई कर्मचारी के सहयोग से एकत्र की गई धनराशि रू. 20000.00 कमला राजभर और उनकी पत्नी को दिया गया और कमला राजभर के बिटिया के सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मंगलकामना किया गया।

### सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में बांटा पर्चा

**चंदौली।** चंदौली की जनता को सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी का सच बताते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने कहा कि देश के पांच राज्यों में मिल रहे फीडबैक से मोदी सरकार बहुत परेशान है। इसीलिए भाजपा नेताओं ने अपनी केंद्र की सारी ताकत झोंक दी है। लेकिन फिर भी आगामी तीन तारीख को जो परिणाम आयेंगे उससे भाजपा बेहद आशंकित है।

# जेल मैनुअल के हिसाब हो व्यवस्था का संचालन: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसपी एस आनंद ने गुरुवार को बजे जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कारागार अधीक्षक से जेल की व्यवस्था के बाबत पूछताछ की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से ही यहां की पूरी व्यवस्था संचालित होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार के बैरक में रहने वाले कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। कुछ कैदियों ने अपनी समस्या भी सुनाई, जिसका तत्काल समाधान करने के निर्देश कारागार अधीक्षक को दिए गए। इसके बाद जेल अस्पताल में गए और वहां उपलब्ध दवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। किचन में जाकर कैदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा कि जेल में कैदियों को सही भोजन व नास्ता मिल रहा है कि नहीं। हवालात कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच की। महिला बैरक में जाकर उनसे बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं है। डीएम व एसपी ने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया कि यहां की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि बंदियों से संपर्क स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुने और विधिक सहायता द्वारा उनका निराकरण करवाएं। लापरवाही पर बरतें।

# जखनियां बाजार में लगा महा जाम, खड़ी रही ट्रेन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जखनियां बाजार में यातायात नियमों का पालन न करने की वजह से आए दिन जाम की समस्या से लोगों को गुजरना पड़ता है। सबसे विकट स्थिति उस वक्त होती है, जब कोई ट्रेन क्रॉस करने के लिए रेलवे फाटक बंद होने से पहले क्रॉसिंग पर भीषण जाम लग जाती है। ऐसा ही वाकया जखनियां बाजार में हुआ। जखनियां बाजार में स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर एक बजे से ही जाम की समस्या से लोग जूझ रहे थे।

तभी दो बजे सीतामढ़ी से आनंद विहार जाने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस को क्रॉस करने के लिए गेटमैन सूबेदार जैसे ही गेट गिराने की कोशिश की, तभी देखा कि सड़कों पर भीषण जाम लगा है। वाहन चालकों को बहुत रोकने का प्रयास करते रहे, लेकिन लोग जाम में अपने वाहन को धीरे-धीरे आगे बढ़ाते रहे। वहीं गेट न बंद होने की वजह से मऊ से जखनिया आने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस आउटर सिग्नल पर खड़ी हो गई। एक तरफ जहां यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं आधे घंटे के बाद लिच्छवी एक्सप्रेस जखनियां रेलवे प्लेटफार्म पर आकर रुकी। जाम को समाप्त करने के लिए चार कांस्टेबल लगे तब यह खत्म हुआ। गेटमैन सूबेदार ने बताया कि जाम की वजह से 25 मिनट देरी से लिछवी ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई।

## प्रशासन की पहल पर नगर पंचायत वलीदपुर एवं नगर पंचायत मोहम्मदाबाद में बना रैन बसेरा

# गरीबों व दूरदराज के लोगों को ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरा तैयार

**केटी न्यूज/मऊ**



ठंड ने जहां अपनी दस्तक दे दी है वहीं नगर पंचायत वलीदपुर एवं नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहाना में रेन बसेरा बनकर तैयार हो गया है ।जहां इस ठंड में राहगीर ,रिक्शा चालक तथा दूर दराज से आने वाले गरीब असहा यो, यात्रियों को रुकने में जहां राहत मिलेगी वही लोग दुआएं भी देंगे । जिसको लेकर गुरुवार को उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी ने संध्या दोनों अस्थाई रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले वलीदपुर पहुंचकर पंचायत भवन में बने हुए 10 बिस्तर के रैन बसेरा को देखा और सभी सुविधाएं जैसे पानी शौचालय एवं एक सरकारी नंबर वहां पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एसडीएम हेमंत कुमार चौधरी ने मोहम्मदाबाद गोहना स्थित आदर्श नगर के निकट 15 बिस्तर का बसेरे का भी निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उपस्थित नगर पंचायत के कर्मचारियों से सख्त निर्देश दिया की जो भी राजगीर रिक्शा चालक आए उनका सम्मान पूर्वक बिस्तर रजाई दें और उनके दुख सुख में खड़े रहे ।इसके अलावा अपने रैन बसेरे पर एक मोबाइल नंबर रखें जिससे लोगों को जानकारी प्राप्त हो सके । इन दोनों बसेरे की सरकारी नंबर को रखें तथा इसका नंबर थाना अध्यक्ष एवं पुलिस चौकी को उपलब्ध करा दें जिससे आपातकालीन सेवा में उनकी मदद ली जा सके ।इस दौरान नगर पंचायत वलीदपुर के अधिशासी अधिकारी अर्जुन कुमार ,वरिष्ठ लिपिक राजेश कुमार एवं मोहम्मदाबाद गोहाना के गुंजन श्रीवास्तव ,महेंद्र चौहान समेत ड्युटी पर तैनात कर्मचारी भी मौजूद रहे ।

## एक नजर

### मीना बाजार गुलजार, लोग जमकर उठा रहे लुत्फ



**बलिया।** महर्षि भृगु की धरती पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन से चल रहा ऐतिहासिक ददरी मेला धीरे-धीरे अपने शबाब पर पहुंचने लगा है। मेला में मूलभूत समस्याएं दूर नहीं हो पा रही हैं। इससे मेले में आने वालों के साथ दुकानदारों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को मेला क्षेत्र के अंदर चहल-पहल रही। परिवार संग पहुंचे लोगों ने खरीदारी की। जलेबी, छोला, डोसा आदि का भी स्वाद चखा। सुबह मौसम खराब होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र के लोग परिवार के साथ पहुंच गए। इसके बाद मौसम चढ़ने के साथ धीरे-धीरे चहल-पहल बढ़ने लगी। लोगों ने आनंद के साथ ही नाश्ता किया। शाम होते ही वे मेला से अपने घर की तरफ चल दिए। मेले में श्रृंगार के सामान की खरीदारी महिलाओं ने की। इससे दुकानों पर भीड़ लगी रही। ठंड में इजाफा होने के कारण लोग अब ऊनी कपड़ों की खरीदारी में जुट गए हैं। मेले में प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने से दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ददरी मेला के मीना बाजार में इन दिनों उचक्कों व ठगों की सक्रियता बढ़ गई है। इन सभी ने अभी कई लोगों पर हाथ साफ कर दिया है। गुरुवार को भी उचक्के एक महिला का पर्स लेकर भाग निकले। पुलिस की गतिविधियां धीमी होने से आए दिन इस तरह की घटनाएं घट रही हैं। वहीं दुकानदार भी अपने सामान को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दुकानदारों ने पुलिस सुरक्षा बेहतर करने की मांग की है।

### पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

चंदौली। पुरानी पेंशन विसंगति समाधान संघर्ष मोर्चा की ओर से बृहस्पतिवार को प्रदेश नेतृत्व के अमानत पर जनपद के शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। इसमें शिक्षकों ने वर्ष 2004 में तैनात शिक्षक को पुरानी पेंशन देने की मांग की। 75 चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारी मांगों पर सरकार ने विचार नहीं किया तो इसके परिणाम गंभीर होंगे।अंत में शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी अविनाश कुमार को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने 2004 वर्ष में जिन शिक्षकों की तैनाती हुई उसने पेंशन दिया जाएगा,लेकिन इस पर सिर्फ आज तक पूरा आश्वासन ही दिया गया। कहा कि 2004 वर्ष में बीटीसी पास हुए साथियों को सरकार तत्काल पेंशन मुहैया कराएं। जिससे शिक्षकों को राहत मिल सके। इसके बाबत सरकार से कई बार वार्ता भी हुई, लेकिन सरकार की ओर से आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।जिसे लेकर शिक्षकों में आज भी पुरानी पेंशन वाले को लेकर आक्रोश है। इस दौरान प्रशांत कुमार, पंकज श्रीवास्तव, कुलदीप चौधरी, सुनीता तिवारी,उपेंद्र बहादुर सिंह,सुधीर सिंह, मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार, धीरेंद्र, बलराम पाठक,आनंद पांडे आदि उपस्थित रहे।

### अघोरेश्वर भगवान राम जी का 31वां महानिर्वाण दिवस का आयोजन

**पीडीडीयू नगर।** परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी का ३१वा महानिर्वाण दिवस पूज्य मां श्री सर्वेश्वरी सेवा संघ के प्रांगड़ में मनाया गया। प्रातः काल माँ गंगा का पूजन एवं कलश यात्रा निकाली गयी। जो अघोरान्ना परो मंत्रो नास्ति तत्वं गुरोः परम का जाप करते हुए परम पूज्य श्री अघोरेश्वर के चरण पादुका तक पहुच कर सम्पन्न हुई। इसके बाद परम पूज्य श्री अघोरेश्वर महाप्रभु के शिष्य पूज्य श्री गुरुबाबा जी और पूज्य श्री अनिल बाबा जी के द्वारा हवन-पूजन करने के बाद खट्वांग कपाल दिग्बन्धन पूजा की गयी। दिन में भंडारे का कार्यक्रम चलता रहा और सांयकाल अघोरेश्वर गुरुकुल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

### सेवानिवृत होने पर श्रवण कुमार और शाहिद हुसैन को कर्मचारी संघ ने दी विदाई

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ जिला इकाई की ओर से बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारियों ने सेवानिवृत्ति होने पर प्रशासनिक अधिकारी श्रवण कुमार और वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात साजिद हुसैन विदाई दी। इस दौरान कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देने के साथ-साथ अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

### विद्युत बकाया बिलों के ओटीएस सर चार्ज माफी का उपभोक्ताओं ने जमकर उठाया लाभ

**गाजीपुर।** शासन द्वारा विद्युत बकाया बिलों के ओटीएस के सर चार्ज माफी का उपभोक्ताओं के द्वारा इस योजना का जमकर लाभ लिया जा रहा है। ब्लाक क्षेत्र के दो अलग -अलग विद्युत सब स्टेशनों पर सौ फीसदी सर चार्ज माफी के आज बृहस्पतिवार को अंतिम दिन 201 उपभोक्ताओं के द्वारा करीब उन्नीस लाख रुपए बकाया बिल जमा कर ओटीएस योजना के तहत ब्याज माफी का लाभ लिया। महकमें के अनुसार अब तक आठ नवंबर से लेकर 30 नवंबर तक इन अठ्ठाइस दिनों में करीब एक करोड़ से ज्यादा बकाया बिल जमा कराया गया। वहीं महकमें के ही अनुसार अब एक दिसंबर से योजना में अब सत्तर फीसदी ही सरचार्ज में छूट मिलेगी। रेवतीपुर विद्युत सब स्टेशन पर आज 65 उपभोक्ताओं के द्वारा नौ लाख पंद्रह हजार बकाया बिल जमा किया गया। वहीं अब तक कुल 65 लाख जमा कराए जा चुके है।इसी तरह आज ही सुहवल विद्युत सब स्टेशन पर 106 उपभोक्ताओं के द्वारा करीब दस लाख बकाया बिल का भुगतान किया गया,अब तक यहाँ करीब पच्चास लाख जमा कराए जा चुके है।